garudexpress7@gmail.com www.garudexpress.com youtube.com/@garudexpress1542 93011 65813



साप्ताहिक
RNI - MPHIN/2022/86458

# गरुड़ एक्सप्रेस

संपादक : राजेश लक्षकार

● वर्ष - 02 ● अंक - 17 ● पृष्ठ - 4 | नीमच | बुधवार, 21 फरवरी 2024 | ● प्रति मूल्य - 5 रु. ● वार्षिक शुल्क - 250 रु.

## मध्यप्रदेश के सभी पांचों प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित



एल मुरुगन | माया नारोलिया | उमेशनाथ | बंसीलाल गुर्जर | अशोक सिंह

· भोपाल

राज्यसभा चुनाव के लिए मध्यप्रदेश के सभी पांचों प्रत्याशी आज निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिए गए. राज्यसभा चुनाव के लिए नियुक्त निर्वाचन अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार भारतीय जनता पार्टी के चार प्रत्याशी केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण राज्यमंत्री एल मुरुगन, उमेशनाथ महाराज, बंसीलाल गुर्जर और माया नारोलिया एवं कांग्रेस के एक प्रत्याशी अशोक सिंह आज दोपहर निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिए गए.

राज्यसभा चुनाव के लिए आज दोपहर तीन बजे तक नाम वापसी का समय निर्धारित था. इस समयसीमा के बाद दोनों ही दलों के प्रत्याशियों को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया गया. राज्य विधानसभा में भाजपा के सदस्यों की संख्या के आधार पर चार सीट भाजपा के और एक अन्य सीट कांग्रेस के खाते में गई है. दो सौ तीस सदस्यीय विधानसभा में भाजपा के 163 और कांग्रेस के 66 विधायक हैं. एक अन्य विधायक कमलेश डोडियार सैलाना विधानसभा सीट से भारत आदिवासी पार्टी के बैनर तले चुनाव जीते हैं. मध्यप्रदेश से भाजपा नेता एवं राज्यसभा सांसद अजयप्रताप सिंह, कैलाश सोनी, धर्मेंद्र प्रधान और डॉ एल मुरुगन का कार्यकाल आगामी 02 अप्रैल को समाप्त हो रहा है. कांग्रेस के राज्यसभा सांसद राजमणि पटेल भी अपना कार्यकाल 02 अप्रैल को पूरा कर लेंगे.

### सोनिया रास के लिए निर्वाचित

कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी ने राज्यसभा चुनाव के लिए राजस्थान से निर्विरोध चुनीं गईं. वहीं, भाजपा के चुन्नीलाल गरासिया और मदन राठौड़ को भी राज्यसभा के लिए चुना गया है. मंगलवार को नामांकन वापस लेने का अंतिम दिन था.



विधानसभा सचिव महावीर प्रसाद शर्मा ने बताया कि किसी अन्य उम्मीदवार ने चुनाव नहीं लड़ा, इसलिए तीनों निर्विरोध राज्यसभा के लिए चुने गए. राज्यसभा सदस्य मनमोहन सिंह (कांग्रेस) और भूपेंद्र यादव (भाजपा) का कार्यकाल तीन अप्रैल को समाप्त हो रहा है. भाजपा सांसद किरोड़ी लाल मीणा ने विधायक चुने जाने के बाद पिछले साल दिसंबर में इस्तीफा दिया था. जिसके बाद तीसरी सीट खाली थी. राजस्थान की 200 सदस्यीय विधानसभा में भाजपा के 115 और कांग्रेस के 70 सदस्य हैं. राज्य में राज्यसभा की दस सीटें हैं. नजीतों के बाद कांग्रेस के छह और भाजपा के चार सदस्य हैं.

### नड्डा भी निर्विरोध निर्वाचित

भाजपा प्रमुख जेपी नड्डा और पार्टी के तीन अन्य उम्मीदवारों को गुजरात से राज्यसभा के निर्विरोध चुना गया है.



राज्यसभा की चार सीटें खाली थीं. सत्तारुढ़ भाजपा के सभी सीटों के लिए नामांकन पत्र दाखिल किए थे. एक अधिकारी ने बताया कि गुजरात से राज्यसभा की चार खाली सीटों के लिए किसी अन्य ने नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया. जिसके बाद निर्वाचन अधिकारी रीता मेहता ने नड्डा सहित चारों भाजपा उम्मीदवारों को संसद के ऊपरी संदन के लिए निर्विरोध विजयी घोषित किया. नड्डा के अलावा राज्यसभा के जिन तीन भाजपा नेताओं को राज्यसभा के लिए निर्विरोध चुना गया है, उनमें हीरा कारोबारी गोविंदभाई ढोलकिया, भाजपा नेता जसवंत सिंह परमार और मयंक नायक शामिल हैं.

## इसरो के सौर मिशन आदित्य एल-1 को मिली अहम कामयाबी

बेंगलुरु

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के सौर मिशन आदित्य एल-1 को अहम कामयाबी मिली है। इसे इन-सीटू पेलोड प्लाज्मा एनालाइजर पैकेज फॉर आदित्य (पापा) ने सूरज के बाहरी क्षेत्र कोरोना से प्लाज्मा निकलने की घटना दर्ज की है। कोरोनल मास इजेक्शन (सीएमई) कही जाने वाली इस घटना को दर्ज किया जाना सौर गतिविधियों के अध्ययन के लिहाज



से अहम है। पापा के सेंसर ने सीएमई के दौरान सौर पवन में इलेक्ट्रॉन और आयन की संख्या में भारी इजाफा दर्ज किया। पेलोड पापा को विक्रम साराभाई स्पेस सेंटर की स्पेस फिजिक्स लेबोरेट्री एंड एवियोनिक्स एनटिटी ने तैयार किया है।

इसरो ने बताया कि सूर्य की सतह पर कोरोनल मास इजेक्शन की घटना को इससे पहले 15 दिसंबर, 2023 को और फिर 10-11 फरवरी 2024 को भी दर्ज किया गया था। इसरो ने बताया कि पापा को सौर पवनों में मौजूद इलेक्ट्रॉन और आयन की समीक्षा के लिए बनाया गया है। इसमें दो सेंसर सोaलर विंड इलेक्ट्रॉन एनर्जी प्रोब (स्वीप) और सोलर विंड आयन कंपोजिशन एनालाइजर (स्वीकार) लगे हैं।

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का नीमच दौरा 23 को..!

· गरुड़ एक्सप्रेस डेस्क

**नीमच**। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आगामी 23 फरवरी को नीमच दौरे पर आने की संभावना हैं। ज्ञातव्य है कि सीएम. डॉ. मोहन यादव के मुख्यमंत्री बनने के बाद यह नीमच जिले का पहला दौरा होगा।

सूत्रों से प्राप्त जानकारी अनुसार सीएम डॉ. यादव के इस दौरा कार्यक्रम के तहत बताया जा रहा है कि वह पहले रोड़ शो करेंगें, तत्पश्चात शहर में एक बड़ी आमसभा को भी संबोधित करेंगे। जिसकी



आला प्रशासनिक अधिकारियों ने तैयारियां शुरू कर दी है।

## अंकित जायसवाल होंगे नीमच जिला पुलिस कप्तान

· गरुड़ एक्सप्रेस डेस्क

**नीमच**। तात्कालीन जिला पुलिस कप्तान अमित तोलानी का ट्रांसफर नीमच से 24 वाहिनी, विसबल जावरा-रतलाम किया गया था। जिसके बाद नीमच जिले के नएं पुलिस कप्तान के रूप में कोई नाम सामने नहीं आया था।

लेकिन हाल ही में एमपी गृह विभाग ने एक सूची जारी की। जिसमे नीमच जिले के नएं एसपी का नाम भी शामिल है। जारी सूची के अनुसार नीमच जिले के नएं पुलिस कप्तान भापुसे के 2017 की बैच के एसपी अंकित जायसवाल अब नीमच जिले के नये पुलिस कप्तान होंगे। वह पूर्व में निमाड़ी जिला एसपी के रूप में पदस्थ थे। यहां से उनका तबादला नीमच कर दिया गया है। शीघ्र ही वह नीमच पहुंच कर पदभार ग्रहण करेंगे।



### ग्वालियर के हैं मूल निवासी

आईपीएस अंकित जायसवाल मूल रूप से मध्य प्रदेश के ग्वालियर जिले के निवासी है। वह ग्वालियर स्कूल से ही पढ़े है। उन्होंने विकल्पों में से यूपीएससी को चूना। जिसके बाद दिन-रात की कड़ी मेहनत से वह पुलिस विभाग में भर्ती हुए, और आज वह तेज तर्रार आईपीएस अफसरों की लिस्ट में शामिल है।



## संपादकीय

# स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव संविधान की आधारभूत संरचना का हिस्सा

चंडीगढ़ नगर निगम मेयर का चुनाव निर्वाचन प्रणाली में एक काले अध्याय के रूप में दर्ज हो चुका है। सर्वोच्च न्यायालय ने उस चुनाव में मतपत्रों को गलत तरीके से निरस्त करने और एक हारे हुए पक्ष के प्रत्याशी को मेयर घोषित करने पर कड़ी प्रतिक्रिया जताते हुए कहा कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव संविधान की आधारभूत संरचना का हिस्सा है। इसे सुनिश्चित कराना जरूरी है।

गौरतलब है कि चंडीगढ़ मेयर के चुनाव में पीठासीन अधिकारी ने कुछ मतपत्रों पर खुद निशान लगा कर उन्हें निरस्त कर दिया था। वह सारा वाकया कैमरे में भी दर्ज हुआ था। इस तरह मनमानी और धोखाधड़ी करके सरेआम किसी पार्टी के प्रत्याशी को हराने और किसी पार्टी के प्रत्याशी को विजयी घोषित करने का यह पहला प्रत्यक्ष प्रमाण था। इस पर सर्वोच्च न्यायालय की नाराजगी स्वाभाविक थी। मगर चुनावों में मत चोरी और धोखाधड़ी कोई नई बात नहीं है। पहले जब मतपत्रों के जरिए मतदान होते थे, तब कई जगह दबंगों के मतपेटी लूटने और उन्हें अपने पक्ष के मतपत्रों वाली पेटी से बदल देने की घटनाएं खूब हुआ करती थीं। उसे रोकने के लिए मतदान मशीनों का इस्तेमाल शुरू हुआ। दावा किया गया कि इससे मतदान में पारदर्शिता आएगी और किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की आशंका दूर होगी।

मगर अब तो मतदान मशीनों पर भी गंभीर शक जाहिर किया जाने लगा है। विपक्षी दल मतपत्रों के जरिए मतदान कराने या फिर मतदान मशीन को त्रुटिपूर्ण बनाने की मांग कर रहे हैं। कहा जा रहा है कि मतदान मशीनों को बाहर से संचालित किया जा सकता है। इस तरह सत्ताधारी दल दूसरे दलों के मतों को हटा कर अपने पक्ष में मतों की संख्या बढ़ा लेता है। विपक्षी दलों का दावा है कि उनके पास इस बात के पुख्ता प्रमाण हैं। कुछ जगहों पर मतगणना के बाद मतदाता सूची पर अंकित मतों और मतदान मशीन से निकले मतों में अंतर भी देखा गया है। इस तरह अब निर्वाचन आयोग की निष्ठा पर भी सवाल उठने लगे हैं। ऐसे में यह सवाल अब बड़ा बन चुका है कि सर्वोच्च न्यायालय के इस कथन का पालन कैसे हो कि चुनाव स्वतंत्र और निष्पक्ष हों। चुनाव लोकतंत्र की आत्मा है। अगर वही प्रश्नांकित होने लगा है, तो लोकतंत्र की अवधारणा धुंधली होगी ही। फिर तो लोगों के मतों का कोई अर्थ नहीं रह जाएगा, जो मतों को अपने पक्ष में कर सकेगा, वही सत्ता में बना रहेगा।

## यौन शौषण, वसूली, रंगदारी और जमीन कब्जाई में

# टीएमसी नेता के खिलाफ 6 दिनों में 700 शिकायतें

**नई दिल्ली**

ममता बनर्जी के शासित राज्य पश्चिम बंगाल के जिले उत्तर 24 परगना के संदेशखाली प्रखंड में बवाल अभी भी जारी है। टीएमसी नेता शाहजहां शेख के खिलाफ लोगों का गुस्सा सातवें आसमान पर है। यहां स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि शाहजहां शेख जबरन जमीन कब्जाने से लेकर, रंगदारी वसूलने और महिलाओं का यौन उत्पीड़न करने में शामिल रहा है। उसकी ज्यादतियों का पुलिंदा अब खुलकर सामने आया है।

यहां के संदेशखाली प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) दफ्तर के बाहर स्थानीय लोगों की लंबी कतार पिछले छह दिनों से लगी है, जो टीएमसी नेता की ज्यादतियों की शिकायत दर्ज कराने पहुंचे है। यहां एक सप्ताह में अब तक 700 से ज्यादा शिकायतें दर्ज की जा चुकी हैं। शिकायतों में अधिकांशतः जमीन को कब्जाने और महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न से जुड़े हैं। इलाके में रॉबिन हुड की छवि रखने वाले शाहजहां पर जबरन रंगदारी वसूलने के भी आरोप लग रहे।



# हलद्वानी में मुस्लिम व्यक्ति ने बांटे नोटो के बंडल

**हलद्वानी**





हलद्वानी के वनभूलपुरा में मुस्लिम समुदाय को नोटों के बंडल बांटने वाले वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया। जिसका नाम सलमान खान बताया जा रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, हैदराबाद के रहने वाले सलमान खान को स्थानीय पुलिस ने पैसों के संबंध में पूछताछ के लिए बुलाया था। पूछताछ के बाद उन्हें वापस जाने की इजाजत दे दी गई. कथित तौर पर, वह पुलिस को पैसे का हिसाब देने में विफल रहा। हालांकि, हल्द्वानी के मेयर जोगेंद्र सिंह रौतेला ने एक चैनल को बताया कि पैसे बांटने वाले शख्स को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

सलमान ने खुद वनभूलपुरा में मुस्लिम परिवारों को पैसे बांटते हुए कुछ वीडियो अपलोड किए हैं। अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर दंगों से प्रभावित मुस्लिम परिवारों की मदद के लिए दान का अनुरोध करते हुए कई वीडियो अपलोड किए हैं। उनके इंस्टाग्राम अकाउंट से मिली जानकारी से पता चलता है कि वह हैदराबाद में 'हैदराबाद यूथ करेज' नाम से एक एनजीओ चलाते हैं। इंस्टाग्राम पर उनके एक मिलियन से ज्यादा फॉलोअर्स हैं।रिपोर्ट्स के मुताबिक, सलमान को बीमार मरीजों की मदद के नाम पर अवैध रूप से पैसे इकट्ठा करने के आरोप में साइबर पुलिस ने गिरफ्तार किया था। उन पर लोगों को डराने-धमकाने का भी आरोप लगा.इतनी रकम कहां से आई, इसकी जांच हल्द्वानी पुलिस कर रही है। इस बात पर सवाल उठ रहे हैं कि अगर वह फ्लाइट से हैदराबाद से दिल्ली गए तो पैसों से भरा बैग कैसे लाए।

# साप्ताहिक राशिफल

**मेष**



आज का दिन आपके लिए आय में वृद्धि लेकर आने वाला है। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती हैं। विद्यार्थियों के उच्च शिक्षा के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृष**



वृषभ राशि के जातकों आज अपने आवश्यक काम को समय रहते पूरा करने का प्रयास करेंगे। पारिवारिक मामलों में आप किसी बाहरी व्यक्ति को शामिल ना करें।

**मिथुन**



आज का दिन महत्वपूर्ण रहने वाला है। भाई व बहनों की ओर से कोई महत्वपूर्ण जानकारी सुनने को मिल सकती है। कार्यक्षेत्र में नए लोगों से मेलजोल बढ़ाने में कामयाब रहेंगे।

**कर्क**



आज का दिन आपके चारो ओर का वातावरण खुशनुमा रहेगा। आप सभी को सम्मान देंगे। गृहस्थ जीवन में जीवनसाथी से संबंध पहले से बेहतर रहेंगे। आप सबके हित की बात करेंगे।

**सिंह**



आज का दिन मान सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। कामों में निःसंकोच आगे बढ़ेंगे। लंबे समय से रुके हुए कार्य को पूरा करेंगे। कार्यक्षेत्र में लाभ की स्थिति पहले से बेहतर होगी।

**कन्या**



आज आवश्यक कार्य को समय रहते पूरा कर सकते हैं। कामकाज की तलाश कर रहे लोगों के लिए दिन सामान्य रहेगा। दान धर्म के कार्य के प्रति आपकी रुचि बढ़ेगी।

**तुला**




आज का दिन व्यापार कर रहे लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है। आपको अपनी आय को बढ़ाने के प्रयासों में सफलता मिलेगी और आपको एक से अधिक स्त्रोतो से आय मिलेगी।

**वृश्चिक**



आज का दिन शासन व प्रशासन के मामलों में बेहतर रहेगा। सभी का सहयोग आप पर बना रहेगा और कार्यक्षेत्र में आपको योग्यता अनुसार काम मिलने से आपकी प्रसन्नता का ठिकाना नहीं रहेगा।

**धनु**



आज का दिन धार्मिक गतिविधियों से जुड़कर नाम कमाने के लिए रहेगा। मित्रों के साथ आप किसी मनोरंजन की यात्रा पर जा सकते हैं। आप अपनी अच्छी सोच का कार्यक्षेत्र में लाभ उठाएंगे।

**मकर**



आज आप अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। आपका कोई पुराना रोग फिर से उभर सकता है। नवीन प्रयासों में आप आगे रहेंगे। जरूरी काम को आप प्राथमिकता दें, तभी वह पूरे होंगे।

**कुंभ**



आज का दिन उत्तम रूप से फलदायक रहने वाला है। विभिन्न स्थान पर आप सफलता हासिल करेंगे। साझेदारी में आपको किसी काम को करने से अच्छा लाभ मिलने की संभावना है।

**मीन**



आज का दिन आपके लिए मेहनत व लग्न से काम करने के लिए रहेगा। अपने महत्वपूर्ण काम को करने में ढील देने से बचे और किसी की कही सुनी बातों में ना आएं।

**नगरपालिका प्रशासन हाय हाय..... नगरपालिका प्रशासन होश में आओ होश में आओ....**

# गगनभेदी नारों से गूंजा कलेक्टर कार्यालय

• गरुड़ एक्सप्रेस डेस्क

## कुत्तो के आतंक से मुक्ति के लिए आप ने दिया कलेक्टर के नाम ज्ञापन




**नीमच, निप्र। नगरपालिका प्रशासन हाय हाय ...... नगरपलिका प्रशासन होश में आओ..... होश में आओ...... आमजन को कुत्तो के आतंक से बचाओ.... आतंक से बचाओ..... के गगनभेदी नारे लगाते हुए आप के कार्यकर्ता एवं सामाजिक संगठनो के पदाधिकारी आज कलेक्टर कार्यालय पहुंचे और कलेक्टर के नाम से ज्ञापन देकर मांग की गई की, तुरंत सकारात्मक कार्यवाही कर जनता को कुत्तों के आतंक से मुक्ति दिलाये।**

ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि आज नीमच नगरपालिका क्षेत्र के साथ ही सम्पूर्ण नीमच जिले में कुत्तो का आतंक काफी बढ़ गया है। राह चलते लोगों को कुत्तो के काटने की घटनाएं निरंतर बढ़ती जा रही हैं। कुछ समय पूर्व इंदौर और भोपाल में मासूमों पर हुए कुत्तों के हमलों की घटना दिल दहलाने वाली रही है। इन घटनाओं में मासूमों की अकाल मृत्यु हो गई थी। इस प्रकार की घटनाएं नीमच शहर के साथ ही जिले में न हो इसकी हम उम्मीद करते हैं। समाचार पत्रों और सोशल मीडिया के माध्यम से यह जानकारी आप तक भी पहुंची होगी कि प्रतिदिन नीमच शहर में 5 से 10 घटनाएं कुत्तो के काटने की सामने आ रही हैं। साथ ही कुत्तो का वाहनों एवं छोटे छोटे बच्चो की साइकिलों के पीछे भागने से रोड एक्सीडेंट भी हो रहे हैं। आज हालत इतने बदतर हो गए हैं कि आमजन अपने बच्चो को घर से बाहर भेजने तक से डरने लगे हैं। बुजुर्ग और महिलाएं जो सुबह-शाम घूमने जाते थे वे भी अब कुत्तों के आतंक की वजह से घर मे ही रहना अधिक सुरक्षित समझने लगे हैं।

नीमच शहर और जिले में कुत्तों के बढ़ते आतंक की ओर श्रीमान का ध्यान आकर्षित कराते हुए आम आदमी पार्टी ने जनहित में कलेक्टर से मांग की है की, कुत्तों की बढ़ती संख्या को नियंत्रित करने के लिए जल्द से जल्द इनकी नसबंदी प्रारम्भ करवाई जाए। कुत्तो को नियमानुसार पकड़कर गाँधी सागर अभ्यारण में छोड़ा जाए। लापरवाही और उदासीनता बरते बिना तत्काल प्रभाव से शहर में आतंक फैला रहे कुत्तो को पकड़कर ट्रेंचिंग ग्राउंड पर बनाए गए नपा के सेल्टर हाउस में शिफ्ट किया जाए। जिला अस्पताल के साथ ही नीमच जिले के स्वास्थ्य केन्द्रो पर कुत्ता काटने के उपरांत लगने वाले इंजेक्शन पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध करवाए जाए। देखने में आ रहा है कि पिछले लम्बे समय से नगरपालिका प्रशासन पशु प्रेमियों का बहाना बनाकर अपनी जिम्मेदारियों से पल्ला झाड़ रहा है। हम मांग करते हैं कि आप दोनों ही पक्षों के साथ मीटिंग कर समस्या का जल्द से जल्द निराकरण करवाने का कष्ट करें।

ज्ञापन के माध्यम से मांग की है की आप जनहित में आम आदमी पार्टी की ओर से जनहित में उठाए गए उक्त विषय पर सकारात्मक सहयोग प्रदान करे। यदि हमारी उक्त मांगों पर 7 दिवस में कोई सकारात्मक परिणाम नजर नहीं आए तो हमें इस गंभीर हो चुकी समस्या के निराकरण के लिए पीड़ित पक्षों के साथ उग्र आंदोलन करने को मजबूर होना पड़ेगा, जिसकी सारी जवाबदारी प्रशासन की होगी।

आप के लोकसभा प्रमुख नवीन कुमार अग्रवाल ने कहा की हमने कलेक्टर महोदय से इस ज्वलंत समस्या पर गंभीरता और व्यक्तिगत रूप से रुचि लेकर नीमच नगर पालिका, जिले की समस्त नगरपरिषदों और पंचायतों के सम्बंधित जिम्मेदार को उक्त समस्या के निदान के लिए सख्त कार्रवाई करने के निर्देश देने की मांग की है ताकि आमजन को कुत्तो के आतंक से मुक्ति मिल सके।

आप के जिला सचिव डॉ राजू पाल ने बताया की हमने इसकी प्रतिलिपि मुख्यमंत्री, नगरीय प्रशासन मंत्री, मुख्य नगरपलिका अधिकारी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला पंचायत नीमच एवं समस्त नगरपरिषद जिला नीमच को भी प्रेषित की है।

आज के ज्ञापन के समय सामाजिक संघटनो में संकल्प पर्यावरण मित्र संस्था के अध्यक्ष किशोर बागड़ी, सचिव डॉ.राकेश वर्मा, रमेश मोरे, भारतीय सुभास सेना अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण तोतला, पेंशनर संघ के बोरीवाल, के के कर्णिक एवं आम आदमी पार्टी के नवीन कुमार अग्रवाल, डा राजू पाल, उदयलाल अग्रवाल, महिलाशक्ति की रिजवाना खान, विनोद कुमार पंवार, जाबिर हुसैन, जानकीलाल पाटीदार, भंवरलाल जबड़ा, झुंझर अली बोहरा, भारत पाटीदार, कैलाश जोशी, राकेश चौहान एवं अन्य साथी उपस्थित रहे।

# समाजसेवी अशोक अरोरा गोलीकांड मामले में आरोपियों की रिमांड अवधि खत्म

• गरुड़ एक्सप्रेस डेस्क

## मास्टर माइंड जय सबनानी उर्फ बाबू सिंधी सहित 7 आरोपियों को कनावटी जेल व 1 को कोटा जेल


समाजसेवी अशोक अरोरा

**नीमच। समाजसेवी अशोक अरोरा गोलीकांड मामले में मास्टर माइड बाबू सिंधी सहित सभी आठ आरोपियों की रिमांड अवधि खत्म होने के बाद पुलिस ने सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश किया। जहां से सभी को जैल भेजने के आदेश न्यायालय ने दिए। अब इनमें से सात आरोपियों को कनावटी जेल व एक को कोटा जेल भेजा गया।**

जानकारी यह भी आई है कि, राकेश अरोरा की और से एक आवेदन न्यायालय में दिया गया। जिसमे उन्होंने खुद को जान का खतरा होने की बात कहीं, और दुसरे जेल में भेजने का आग्रह किया। मामले के संबंध में एएसपी नवल सिंह सिसौदिया से चर्चा की गई, तो उन्होंने बताया कि, सभी आरोपियों को न्यायालय की और से जेल भेजने के आदेश है। राकेश अरोरा की और से दिए गए आवेदन से पहले ही न्यायालय के जेल वारंट के आदेश आ गए।

# टेलीफोन एक्सचेंज में खोला जाए पासपोर्ट कार्यालय - डॉ.पृथ्वीसिंह वर्मा

• खबर गुलशन डेस्क



**नीमच।** पासपोर्ट कार्यालय के लिए जगह नहीं मिलने का बहाना बनाकर नीमच में पासपोर्ट कार्यालय नहीं खुल पाए इसके लिए सांसद महोदय ने यहां के प्रस्ताव को पास नहीं होने दिया और मंदसौर में पासपोर्ट कार्यालय खोलने की भूमिका बना ली। मंदसौर में भी जिस जगह पहले पासपोर्ट कार्यालय खोलने के लिये अनुपयुक्त माना गया था वहीं पासपोर्ट कार्यालय खोला जाना प्रस्तावित है। जबकि नीमच में टेलीफोन एक्सचेंज का पूरा भवन खाली पडा है उसका प्रस्ताव नहीं दिया गया।

उक्त आषय का बयान जारी करते हुए जिला योजना समिति के पूर्व सदस्य व जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष डॉ.पृथ्वीसिंह वर्मा ने कहा कि वर्तमान में टेलीफोन एक्सचेंज के दो बडे बडे भवन पूरी तरह खाली पडे हैं, वहां केवल बिल जमा करने व आधार कार्ड बनाने का कार्य होता है। एक्सचेंज की पूरी बिल्डिंग के केवल दो-तीन कमरे ही काम में आ रहे हैं पूरा भवन खाली पडा सांय सांय कर रहा है। यह भवन भी केन्द्रीय सरकार के संचार मंत्रालय के अन्तर्गत ही आता है तो हमारे सांसद महोदय चाहें तो नीमच में पासपोर्ट कार्यालय खुलवा सकते हैं।

डॉ.पृथ्वीसिंह वर्मा ने कहा कि हमारे विधायक महोदय को इस मामले में पहल कर सांसद महोदय से कम से कम यह कार्य तो करवाना चाहिए।


-:: कार्यालय नगर परिषद, जीरन जिला नीमच (म.प्र.) ::-

क्रमांक– 282 / ई–टेण्डर / 2024 जीरन,दिनांक–21.02.2024

नियम 91 (1) (क) (ii)

:: तृतीय ई–निविदा आमंत्रण सूचना ::

मध्यप्रदेश शासन

निम्नलिखित निर्माण/आपूर्ति/सेवाओं के लिए निविदा मानदंडों को पूरा करने वाले ठेकेदारों/ कंसल्टेंट्स, व्यक्ति और ख्याति प्राप्त फर्म्स से ऑनलाईन (Online) बोली आमंत्रित हैं।

| क्रम संख्या | पैकेज/कोड | निर्माण / आपूर्ति / सेवाओं | दुकान की साईज | जिला | संभावित राशि | पूर्णता अवधि | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 2024_UAD_ 335741 | वार्ड क्रमांक 10 मे सुलभ काम्पलेक्स एक दुकान नीलामी कार्य आरक्षण - अनारक्षित | 10.89 वर्ग मीटर | नीमच | 5,29,254 | शर्तों के अनुसार | 5,300 | 2,000 |

नगर परिषद् जीरन के स्वामित्व की वार्ड क्र.10 सुलभ काम्पलेक्स के पास दुकान (व्यवसायिक) का आवंटन, निर्धारित शर्तो एवं म.प्र. नगर परिषद् (अचल सम्पत्ति का अंतरण) नियम 2016 के अंतर्गत सार्वजनिक निविदा द्वारा प्रीमियम के उच्चतम ऑफर प्रस्तुत करने वाले व्यक्ति को (राईट ऑफ आक्यूपेशन) के आधार पर 30 वर्ष की अवधि के लिये, प्रति दुकान किराया अचल सम्पत्ति अंतरण नियम 2016 के अनुसार सम्पत्ति की वार्षिक भू–भाटक/ किराया उपनियम 01 के अनुसार गणना करने पर निविदा में प्राप्त प्रीमियम राशि के मूल्य का 0.5 प्रतिशत वार्षिक होगे। (प्रत्यके 03 वर्ष मे नियमानुसार किराया बढाया जावेगा) सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति उपरांत किया जाना है। उक्त दुकान हेतु आवेदन फार्म एवं शर्ते हेतु अंतिम दिनाकं ऑनलाईन टेण्डर अनुसार रहेगी। ऑनलाईन रूपये 2000/– एवं ऑनलाईन पोर्टल शुल्क (जो भी निर्धारित हो) जमा कराये जाकर क्रय किये जा सकते है । ऑनलाईन ऑफर प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक ऑनलाईन टेण्डर अनुसार रहेगी।

शर्ते :–

1 इच्छुक बोलीदाता website - https://www.mptenders.gov.in पर एनआईटी देख सकते है।
2 सार्वजनिक अवकाश को छोड़कर टेण्डर क्रय की दिनांक 21.02.2024 (17:30 बजे) से दिनांक –28.02.2024 (17:30) एवं ऑनलाईन बीड सबमिट करने की दिनांक 21.02.2024 (17:30 बजे) से दिनांक –28.02.2024 (17:30) तक है। एवं बिड ओपन की दिनांक 01.03.2024 (11:00 बजे) है।
3 एनआईटी में संशोधन यदि कोई होता है तो केवल वेबसाईट पर प्रकाशित किया जाएगा और समाचार पत्रों मे नहीं।
4 किसी भी स्पष्टीकरण की आवश्यकता हो तो कृपया नगर परिषद जीरन से सम्पर्क करें। फोन नम्बर 07423–236535
5 दुकान की निविदा संबंधी शर्ते व अन्य जानकारी नगर परिषद जीरन कार्यालय में देखी जा सकती है।
6 ऑनलाईन निविदाकार को अनुमानित प्रीमियम की 10 प्रतिशत राशि रू. 53,000/– प्रतिभूति निक्षेप के रूप मे राशि नेटबैंकिंग/ आर.टी.जी.एस./नेफ्ट के माध्यम से मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगर परिषद जीरन के खाते मे जमा कराना अनिवार्य होगी। जिसकी रसीद ऑनलाईन संलग्न करना अनिवार्य होगा।

(रामकरण सगवारिया) अध्यक्ष नगर परिषद, जीरन (म.प्र.)
(शकुंतला–दिलीप भाणेज) राजस्व सभापति नगर परिषद, जीरन (म.प्र.)
(एन.एल. प्रजापति) मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगर परिषद, जीरन (म.प्र.)



-:: कार्यालय नगर परिषद, जीरन जिला नीमच (म.प्र.) ::-

एन.आई.टी. संख्या– 284, 285 / ई–टेण्डर / 2024 जीरन,दिनांक–21.02.2024

नियम 91 (1) (क) (ii)

:: ई–निविदा आमंत्रण सूचना ::

मध्यप्रदेश शासन

निम्नलिखित निर्माण/आपूर्ति/सेवाओं के लिए निविदा मानदंडो को पूरा करने वाले ठेकेदारों/ कंसल्टेंट्स और ख्याति प्राप्त फर्म्स से ऑनलाईन (Online) बोली आमंत्रित है।

| क्र.स./पैकेज/कोड | निर्माण / आपूर्ति / सेवाओं | जिला | संभावित राशि | पूर्णता अवधि (माह) | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2024_UAD_335768 | टेण्ट, लाईट, माईक, साउण्ड सिस्टम, आदि की किराया सामग्री | नीमच | 1,00,000 | वित्तीय वर्ष 2024–25 | 2,000 | 2,000 |
| 2024_UAD_335770 | स्टेशनरी/कम्प्यूटर/लेखन सामग्री | नीमच | 1,00,000 | वित्तीय वर्ष 2024–25 | 2,000 | 2,000 |

शर्ते :–

1 इच्छुक बोलीदाता website - https://www.mptenders.gov.in पर एनआईटी देख सकते है।
2 बोली दस्तावेज सार्वजनिक अवकाश को छोड़कर टेण्डर क्रय की दिनांक 21.02.2024 (17:30 बजे) से दिनांक –07.03.2024 (17:30) एवं ऑनलाईन बीड सबमिट करने की दिनांक 21.02.2024 (17:30 बजे) से दिनांक –07.03.2024 (17:30) तक है।
3 एनआईटी में संशोधन यदि कोई होता है तो केवल वेबसाईट पर प्रकाशित किया जाएगा और समाचार पत्रो से नहीं।
4 किसी भी स्पष्टीकरण की आवश्यकता हो तो कृपया नगर परिषद जीरन से सम्पर्क करें। फोन नम्बर 07423–236535
5 निविदा संबंधी शर्ते संलग्न है। जिनका पूर्णतः पालन करना अनिवार्य होगा।

(रामकरण सगवारिया) अध्यक्ष नगर परिषद जीरन
(एन.एल. प्रजापति) मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगर परिषद, जीरन (म.प्र.)







स्वामी प्रकाशक राजेश लक्षकार के लिए मुद्रक प्रेमप्रकाश जैन के द्वारा नाकोड़ा ग्राफिक्स सिस्टम एण्ड प्रिंटर्स, 129, विकास नगर, नीमच (म.प्र.) से मुद्रित कर 51 पीपल चौक जीरन, जिला-नीमच से प्रकाशित। **सम्पादक - राजेश लक्षकार***